उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : मुख्यपीठ जबलपुर

// आदेश //

क्रमांक /B/3546/ जबलपुर, दिनांक 07/~~06~~ 07/2021

श्री सुमित अग्रवाल, जूनियर जुडिशियल असिस्टेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर के विरूद्ध प्रकरण CONC कमांक 2094/2018 (चेतन्य रियलकॉन प्रायवेट लिमिटेड व अन्य विरूद्ध श्री श्रीकान्त शर्मा) को सूचीबद्ध करने में लापरवाही बरतते हुये तथा उच्च न्यायालय नियम 2008 के निर्धारित प्रकिया का अनुपालन न करते हुये प्रकरण को उपयुक्त बैंच के समक्ष सूचीबद्ध न करते हुये अन्य बैंच के समक्ष सूचीबद्ध करने के कदाचार के आरोप पर रजिस्ट्री आदेश कमांक डी/3202/दो–14–28/2020बी, जबलपुर दिनांक 17.08.2020 द्वारा विभागीय जांच की गई।

विभागीय जांच में जांचकर्ता अधिकारी की रिपोर्ट दिनांक 29.01.2021 में आपके विरूद्ध आरोप सिद्ध पाये जाने तथा उक्त संबंध में रजिस्ट्री कारण बताओ नोटिस कमांक ए/615/दो–14–28/2020बी जबलपुर दिनांक 26.02.2021 के तारतम्य में आपके द्वारा प्रस्तुत जवाब दिनांक 15.03.2021 असंतोषप्रद पाये जाने तथा जांचकर्ता अधिकारी की रिपोर्ट दिनांक 29.01.2021 से सहमत होते हुये तथा आरोप की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये आपको मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(चार) सहपठित उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश सेवा (भर्ती, सेवा की सामान्य शर्ते, आचरण, वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 2017 के नियम 16(1) के अंतर्गत आपकी आगामी देय एक वार्षिक वेतनवृद्धि भविष्य की वेतनवृद्धियों को अप्रभावित करते हुए (Without Cumulative Effect) रोके जाने की लघुशास्ति से दंडित किया जाता है।

(राजेन्द्र कुमार वाणी)
रजिस्ट्रार जनरल

पृष्ठांकन क्रमांक B/3547/ जबलपुर, दिनांक 07/~~06~~ 07/2021

प्रतिलिपि :–

1. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर, इंदौर म.प्र.,
2. रजिस्ट्रार प्रशासन/आई.एल., उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
3. एस.पी.एस.ए.(एस.ए.) उच्च न्यायालय म.प्र, जबलपुर की ओर आदेश की प्रति उच्च न्यायालय म.प्र. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु,
4. श्री ए.व्ही. मण्डलोई, डिप्टी रजिस्ट्रार/जांचकर्ता अधिकारी, उच्च न्यायालय म.प्र. खण्डपीठ इंदौर,
5. असिस्टेंट रजिस्ट्रार (ई.) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर,
6. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
7. एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर (स्था.)/पेंशन, उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
8. सहायक स्थापना/सेवा पुस्तिका, उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर,
9. ऑफिस टायपिस्ट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
10. श्री सुमित अग्रवाल, जूनियर जुडिशियल असिस्टेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

6.7.21
(नरसिंह बघेल)
रजिस्ट्रार (इंस्पेक्शन)